# ग्लोबल कैन निर्माताओं ने यूपी में जताया भरोसा; बॉल कॉर्पोरेशन और क्राउन होल्डिंग्स के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से मुलाकात

## *यूपी एफडीआई नीति 2023 के तहत बॉल ने मेरठ में भूमि का चयन किया; क्राउन ने उन्नाव में ₹2,078 करोड़ की विनिर्माण परियोजना शुरू की*

**लखनऊ, 10 सितंबर:** दुनिया की दो प्रमुख एल्युमिनियम बेवरेज कैन निर्माता कंपनियों—बॉल कॉर्पोरेशन और क्राउन होल्डिंग्स के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडलों ने अलग-अलग शिष्टाचार भेंट में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। दोनों कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपनी विनिर्माण योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही हैं। बैठक के दौरान 'बॉल कॉर्पोरेशन' के सीईओ रॉन लुईस के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ में भूमि चयन प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी, वहीं 'क्राउन होल्डिंग्स' ने उन्नाव में ₹2,078 करोड़ की अपनी ग्रीनफील्ड विनिर्माण परियोजना के औपचारिक शुभारंभ पर चर्चा की।

बॉल कॉर्पोरेशन की भारतीय सहायक कंपनी **'बॉल बेवरेज पैकेजिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'** ने मेरठ स्थित 'इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर' (IMLC) में अपनी नई विनिर्माण इकाई के लिए भूमि का चयन कर लिया है। कंपनी ने यहाँ एक विशाल एल्युमिनियम बेवरेज कैन विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए **₹2,913 करोड़** के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

राज्य सरकार द्वारा कंपनी को उत्तर प्रदेश की *'एफडीआई नीति 2023'* (FDI/FCI, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एवं फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनीज इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी) के तहत नीतिगत प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। यह निवेश प्रस्ताव बॉल कॉर्पोरेशन के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है, जो उत्तर प्रदेश के मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लगातार बढ़ते विश्वास को भी दर्शाता है।

इस मुलाकात के दौरान अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) सीईओ यूपीडा-श्री दीपक कुमार और इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ श्री शशांक चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री योगी ने क्राउन होल्डिंग्स के प्रतिनिधियों—ईवीपी एवं सीओओ मिस्टर डाल्मा नोवेस और बेवकैन ईएमईए के प्रेसिडेंट मिस्टर मार्क केचिसन से भी मुलाकात की।

यह मुलाकात बुधवार को आईएमएलसी , उन्नाव में कंपनी की पहली ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम बेवरेज कैन विनिर्माण सुविधा के ग्राउंडब्रेकिंग के बाद हुई। क्राउन की इस परियोजना में ₹2,078.44 करोड़ का निवेश शामिल है और यह आईएमएलसी में लगभग 40 एकड़ में फैली हुई है। यह इकाई भारत के बढ़ते पेय उद्योग के लिए एल्युमिनियम कैन का निर्माण करेगी। इससे 200 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, परिवहन, रखरखाव, आपूर्तिकर्ता नेटवर्क एवं सहायक उद्योगों में 1,500 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन करेगी।

ये दोनों शिष्टाचार बैठकें वैश्विक निर्माताओं के बीच उत्तर प्रदेश के बढ़ते आकर्षण को रेखांकित करती हैं। बॉल और क्राउन द्वारा किए जा रहे इन निवेशों से पैकेजिंग इकोसिस्टम मजबूत होने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार होने, रोजगार सृजन होने और सप्लाई चेन गहरी होने की उम्मीद है। यह राज्य को एक प्रमुख उन्नत विनिर्माण केंद्र बनाने और $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने मे सहायक होगी।

---------------------------------